**संख्या: 72 /2026/ 480/चार-2026-1731485**

प्रेषक,

उमा द्विवेदी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

**संस्कृति अनुभाग** **लखनऊ: दिनांक 13 मार्च, 2026**

विषय: वित्तीय वर्ष 2025-26 में पं0 सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला जी की जन्मस्थली गढ़ाकोला, उन्नाव में विशाल स्मृति भवन, पुस्तकालय एवं अन्य संरचना के निर्माण कार्य हेतु अवशेष धनराशि की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-4202/सं0नि0-1(05)/2018 टी0सी0, दिनांक 02 फरवरी, 2026 के संदर्भ में अवगत कराना है कि पं0 सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला जी की जन्मस्थली गढ़ाकोला, उन्नाव में विशाल स्मृति भवन, पुस्तकालय एवं अन्य संरचना के निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत लागत रू0 1464.34 लाख + जी0एस0टी0 के सापेक्ष रू0 1391.10 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी है तथा जी0एस0टी0 के रूप में रू0 43.08 लाख व रू0 79.89453 लाख की धनराशि निर्गत की जा चुकी है।

2. उपर्युक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार पं0 सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला जी की जन्मस्थली गढ़ाकोला, उन्नाव में विशाल स्मृति भवन, पुस्तकालय एवं अन्य संरचना के निर्माण कार्य हेतु अवशेष धनराशि रू0 73.24 लाख (रूपये तिहत्तर लाख चौबीस हजार मात्र) की प्रशासकीय/ वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए निम्नांकित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं :-

(1) शासनादेश संख्या-133/2023/789/चार-2023-27(विविध)/2018 दिनांक 21 मार्च, 2023, शासनादेश संख्या-18/2022/2396/चार-2021-27(विविध)/2018 दिनांक 25 जनवरी, 2022, शासनादेश संख्या- 57/2021/ 1653/ चार-2021-27(विविध)/2018 दिनांक 16 मार्च, 2021, शासनादेश संख्या-133/2019/2335/ चार-2019-27 (विविध)/2018 दिनांक 18 अक्टूबर, 2019, शासनादेश संख्या-130/2021/ 1335/चार-2021-27(विविध)/2018 दिनांक 06 अगस्त, 2021 में उल्लिखित शर्तें यथावत रहेगी।

(2) स्वीकृत धनराशि के आहरण/ व्यय एवं अन्य कार्यवाहियों में वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक- 27-मार्च, 2025 में दिये गये दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(3) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(4) प्रश्नगत स्वीकृति संस्कृति निदेशालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर दी जा रही है, यदि इसके संबंध में कोई सूचना गलत पायी जाती है तो इसका उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था/ संस्कृति निदेशालय का होगा।

3- उक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक -4202-शिक्षा, खेलकूद कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय-04-कला तथा संस्कृति-800-अन्य व्यय-42-पं0 सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की जन्मस्थली गढाकोला, उन्नाव में विशाल स्मृति, भवन पुस्तकालय एवं अन्य संरचना-24 वृहत निर्माण कार्य मद से वहन किया जाएगा।

4- वित्तीय स्वीकृति का यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या: 6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक- 27-मार्च, 2025 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
उमा द्विवेदी
विशेष सचिव।

**संख्या- 72 /2026/ 480 (1) /चार-2026-1731485 तद्दिनांक**

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
4. वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
5. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. निदेशक, ग्लोबल कंस्ट्रक्शन एंड कंसलटेंसी सेल, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद् नीलगिरि काम्प्लेक्स, इंदिरा नगर, लखनऊ।
7. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त(ई-7)अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
उमा द्विवेदी
विशेष सचिव।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in